# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/परीक्षा/नामांकन/2018-19/1769 दिनांक 06/12/18

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय/अशासकीय
महाविद्यालय सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः– शैक्षणिक सत्र 2018–2019 के नामांकन आवेदन–पत्र जमा किये जाने एंव आपत्ति पूर्ति किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको सूचित किया जाता है कि जिन महाविद्यालयों के नामांकन आवेदन पत्र अभी तक जमा नही किये गये हैं वे समस्त महाविद्यालय प्राचार्य सत्र 2018–19 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन, पत्र प्राप्ति के तीन दिवस के भीतर आवश्यक रूप से जमा करें। इसके पश्चात् कोई भी नामांकन आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नही किये जायेगें।

जिन महाविद्यालय ने नामांकन फार्म जमा कर दिये हैं उनके फार्मो की सर्वीक्षा उपरांत पाया गया है कि कुछ छात्र/छात्राओं के नामांकन आवेदन–पत्रों के साथ मूल माईग्रेशन, मूल अर्हता, मूल अंकसूची की छायाप्रति, नामांकन करेक्शन, गेप सर्टिफिकेट इत्यादि संलग्न नही किये गये हैं। उक्त दस्तावेजो के आभाव में विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन क्रमांक जनरेट नही किये जावेगें। अतः समस्त महाविद्यालय प्राचार्य से निवेदन है कि उक्त दस्तावेज बिलंब शुल्क के साथ शीघ्र विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जामा करावें। उक्त दस्तावेज प्राप्त न होने की स्थिति में यदि कोई छात्र/छात्रा परीक्षा से वंचित रहता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्रा एंव महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

समस्त महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि किसी भी छात्र/छात्रा को उक्त नामांकन कार्य हेतु विश्वविद्यालय में न भेजें।

परीक्षा नियंत्रक
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

प्रतिलिपिः–

1. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उपकुलसचिव (परीक्षा)